भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 594
20 नवम्बर, 2019 को उत्तर के लिए

वायु सेना हेलिकॉप्टर का दुर्घटनाग्रस्त होना

594. श्रीमती माला राय:

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारतीय वायु सेना हेलिकॉप्टर को इस वर्ष के प्रारंभ में मार गिराया गया जिसमें छह लोग मारे गए थे;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या इस संबंध में कोई जांच की गई है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके परिणाम क्या हैं और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीपाद नाईक)

(क) से (घ): दिनांक 27 फरवरी, 2019 को भारतीय वायु सेना के एक हेलिकॉप्टर को मार गिराया गया था। उस पर सवार सभी छह कार्मिक मारे गए। यह घटना श्रीनगर के निकट नियंत्रण रेखा पर पाकिस्तानी वायुसेना की शत्रुतापूर्ण कार्रवाई के कारण उत्पन्न हुई युद्ध जैसी स्थिति के दौरान गलती से की गई फ्रेटरिसाइड का मामला था। जांच पूरी हो गई है और संबंधित व्यक्ति को दोषी ठहराया गया है।

*****